# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## मई संस्करण 2017




नगर पालिक निगम भिलाई



श्री देवेन्द्र यादव
महापौर

# संदेश

शहर में निवासरत सभी नागरिकों को शुभकामना, मैं अपनी पूरी क्षमता व लगन के साथ प्रयासरत हुं कि अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधा पहुंचे। हम अपने इस लौह नगर को स्वच्छता, पानी, बिजली, सड़क, व्यवस्थित बाजार, पार्क, उद्यान,खेल-कूद, शिक्षा, आपसी प्रेम भाईचारा, सांस्कृतिक महोत्सव, आदि सभी **क्षेत्रों** में अग्रणी बनायेंगे। हम सब लोग मिलकर ही अपने शहर को स्वच्छ भिलाई सुन्दर भिलाई व स्वस्थ भिलाई बना सकतें है।

श्री देवेन्द्र यादव
महापौर
नगर पालिक निगम
भिलाई

## वार्ड 60 रिसाली बस्ती के जलभराव का महापौर ने किया निरीक्षण

भिलाईनगर/ जलाशय से छोड़े गये निस्तारी तालाबों को भरने के लिए जलाशय से छोड़े गये पानी का रिसाली बस्ती के विभिन्न आवासीय क्षत्रों में जलभराव होने से बिमारी फैलने की सूचना को संज्ञान में लेते हुए महापौर देवेन्द्र यादव ने आज 60 रिसाली क्षेत्र का दौरा किया और रिसाली बस्ती, हिन्द नगर, रिसाली भांठा, इस्पात नगर, लक्ष्मी नगर, कुसुम नगर का निरीक्षण दौरा किया। महापौर ने अपने दौरे में कुसुम नगर में जाम नहर के पानी और खटाल के मलबे की निकासी हेतु कच्ची नाली खोदकर शीघ्र सफाई कराये जाने साथ ही पानी की सप्लाई सुचारु रुप से किये जाने नये टेंकर पाइंट व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने। शीतला तालाब के बगल में स्थित ठहरे जलभराव से बने डबरे में नाली निकासी तैयार कर उक्त जलभराव को खाली कर सफाई किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होने कुसुम नगर से बड़े वाहनों की आवाजाही बन्द करने एवं बिल्डर द्वारा पानी निकासी में किये गये अवरोध के विरुद्ध नोटिस जारी करने निर्देश दिये। रिसाली भांठा(इस्पात नगर) के निवासियों द्वारा पेयजल सुधारने कहा गया जिसपर उक्त मोहल्ले की जल समस्या को देखते हुए स्थान चेक कर बोर खनन किये जाने। वार्ड वासियों द्वारा नाली की सफाई नहीं होने की शिकायत किये जाने पर महापौर ने क्षेत्र में नालियों के ऊपर किये गये अवैध कब्जे को खाली कराये जाने और वार्ड की जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिये। दौरा में महापौर के साथ जोन आयुक्त संजय बांगड़े, एम.पी. देवांगन, अंगीराज शर्मा, जोन अध्यक्ष भुपेश ठाकुर, वार्ड पार्षद चुम्मन देशमुख, पार्षद राजेन्द्र रजक, ए.आर.ओ. प्रकृति जगताप, निगम के अधिकारी कर्मचारी एवं वार्डवासी जाकिर खान, बोनी, मोनिश आदि उपस्थित थे।





**जिलाधीश आर शंगीता शिविर में पहुंचकर हितग्राहियों से सीधा संवाद की**

भिलाईनगर/ लोक सुराज अभियान के लक्ष्य समाधान शिविर 2017 का आयोजन जोन क्रमांक 03 के वार्ड क्रमांक 46,47,48,49 एवं 50 में सेक्टर 03 शिवमंदिर में आयोजित की गई। सेक्टर क्षेत्र का वार्ड होने के कारण सभी आवेदन भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रशासनाधिकार क्षेत्र के तहत् थे भिलाई इस्पात संयंत्र के सामान्य प्रशासन विभाग का अलग से काउंटर लगा हुआ था। जिलाधीश आर शंगीता शिविर स्थल पर पहुंचकर सभी काउंटरों का निरीक्षण किया किसी प्रकार आवेदकों को असुविधा तो नहीं हो रही है, इस संबंध में स्वयं स्थानीय महिलाओं से बात की। निगम द्वारा आवेदकांे को आवेदन भरने में सहयोग लिए अतिरिक्त कर्मचारी बैठाये जाने की सराहना की और वहां कि व्यवस्था से संतुष्ट नजर आयी। शासन के द्वारा चलाये जा रहे व्यावसायिक कौशल प्रशिक्षण के तहत् बेहतर कल के लिए आज सिखें पर आई.सी.आई.सी.आई. ऐकेडमी द्वारा बेरोजगार युवाओं को काउंसिलिंग का काउंटर लगाया गया था जहां पर 18 से 30 वर्ष के युवा शैक्षणिक योग्यता 8 वीं से 12 वीं पास युवाओं के लिए इलेक्ट्रिकल एवं घरेलु विद्युत उपकरण रिपेयर रेफ्रिजरेशन एवं एयरकंण्डीशनिंग रिपेयर सेन्ट्रल एयर कंण्डीशनिंग बनाने के लिए कुल 125 आवेदन प्राप्त हुए। उन्हे एकेडमी द्वारा बेहतर भविष्य के लिए प्रशिक्षण दिया जायेगा। शिविर के दौरान मजदुर कार्ड 07,आधार कार्ड 16, राशन कार्ड 03, कलेक्टर आर शंगीता, पार्षद वशिष्ट नारायण मिश्रा, इन्द्रा वर्मा, रश्मि सिंह द्वारा वितरित किये गये। सम्पत्तिकर 51 हजार 230 रुपये जमा किये गये। सम्पत्तिकर 51 हजार 230 रुपये जमा किये गये। शिविर में कुल 181 आवेदन प्राप्त हुए।



**स्वच्छता पखवाड़ा के तहत् दुकानों के सामने गंदगी फैलाने वालों पर निगम हुआ सक्त 2 हजार अर्थदण्ड वसुला**

भिलाईनगर/ स्वच्छ भारत अभियान के तहत् 1 मई से 15 मई तक विशेष पखवाड़ा चल रहा है। सफाई अभियान के दौरान नगर निगम भिलाई का उड़नदस्ता दल को पता चला कि चैहान टावर के पास परफेक्ट कार डेकोरेटर के द्वारा दुकान से निकलने वाले कचरे को सड़क पर फैलाया जाता है मौके पर निरीक्षण करने पर वहा कचरों का ढ़ेर दिखा जिसको दुकनदार विजय कुमार कुकरेजा ने स्वीकार किया कि मेरे कर्मचारियों द्वारा कचरा नाली में डाल दिया जाता है कभी-कभी चोरी छिपे आग भी लगा देते है जो शासन के नियमों के विपरित है। जांच करने पर मौके पर ट्रेड लायसेंस नहीं मिला दुकानदार ने बताया कि सीए के पास है जिसे निगम कार्य अवधि में दिखाने को कहा गया । स्वच्छ भारत अभियान के तहत् भिलाई नगर निगम स्वच्छता रैकिंग में 54 वा स्थान प्राप्त किया जो भिलाई नगर के स्थानीय निवासियों, जनप्रतिनिधियो, व्यापारिक संगठनों, सामाजिक संगठन, आंगनबाड़ी, मितानिन, स्कुली बच्चों, कॉलेज के छात्र-छात्राओं, निगम के अधिकारी कर्मचारियों के मेहनत के साथ मिडिया जगत के सहयोग से प्राप्त हुआ जिससे अब नगर वासियों और दायित्व बढ़ गया हम अपने गली मोहल्ले दुकान चैक चैराहों का साफ रखें। यह कार्य सब मिलकर ही करेंगे तो हमारा भिलाई 54वें स्थान से टाप 10 की सूची में आ जायेगा। निगम आयुक्त के.एल. चैहान ने सभी नागरिकों से स्वच्छता अभियान को कारगार बनाने हेतु सहयोग करने का आव्हान किया। कार्यवाही में उड़नदस्ता दल के सदस्य अजय शुक्ला, रामायण सिंह, कन्हैया यादव, राजेन्द्र सिंह, मंगल, विष्णु आदि शामिल रहे।





## *महापौर ने की हाऊसिंग बोर्ड जल समस्या निदान हेतु आवश्यक पहल*

पिछले तीन दिनों से हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में हो रही जल आपूर्ति में समस्या को लेकर कल महापौर देवेन्द्र यादव, जल विभाग अधिकारी एवं जोन अधिकारियों द्वारा निराकरण हेतु आवश्यक प्लान तैयार कर स्पॉट का निरिक्षण किया गया था एवं कल के अधूरे रह गए कार्य को पूर्ण करने आज प्रातः 8 बजे से ही अमला पिली पानी टंकी हाउसिंग बोर्ड पहुँचे। 2.72MLD से पिली पानी टंकी तक पानी सप्लाई हेतु बिछाए जा रहे नए पाईपलाइन के कार्य की धीमीचाल को लेकर महापौर ने आज नाराजगी जताई और कार्य में गति लाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए जिसमें जल्द खुदाई करने हेतु अतिरिक्त JCB लगाए जाने, सीमेंटीकरण एरिया को पहले ही ड्रिलिंग मशीन से खोदे जाने जिससे समय अधिक न लगे एवं समय में कार्य पूर्ण होना सुनिश्चित हो साथ ही तत्कालीन पेयजल व्यवस्था करने कहा जिसपर AE संजय अग्रवाल द्वारा 4 टेंकर एवं 2 ट्रक टैंकर द्वारा सुचारूरूप से पानी सप्लाई किए जाने की जानकारी दी, इसी के साथ ही महापौर ने नए बिछाए जा रहे पाइप लाइन को सीवर लाइन और पुराने कनेक्शन के विपरीत ओर बिछाए जाने कहा जिससे भविष्य में लीकेज की समस्या न हो।उसके कनेक्शनधारियों को नए कनेक्शन लेने 2500 रु की छूट एवं 3500रु के चार्ज शुल्क की जानकारी दी गई। इसी के साथ 2.72 से बिछाए जा रहे पाइपलाइन कार्य आज शाम तक पूर्ण होने मोहल्लेवासियों को आश्वस्त किया । उक्त निरिक्षण के दौरान आर के साहू, AE संजय अग्रवाल, जलकार्य सहा अभियंता ब्रजेश श्रीवास्तव, सब इंजी अरविन्द शर्मा, पू पार्षद श्रीमति अनिशा बघेल,श्रीमती ईश्वरी बड़ानी, बलबीर सिंह, गोपाल पोद्दार, मनीष तिवारी एवं अन्य मोहल्ले के निवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे





# आयुक्त के.एल. चौहान ने समयावधि में समस्याओं का समाधान करने को कहा

भिलाईनगर/आयुक्त के.एल. चैहान लोक सुराज अभियान लक्ष्य समाधान शिविर के वार्ड क्रमांक 31,32 व 33 में पहुंचकर स्थानीय लोगों के समस्याओं के निदान के बारे में जोन आयुक्त संजय शर्मा से चर्चा की। सभी काउंटरों पर पहुंचकर किये गये कार्यों की जानकारी पूर्व में प्राप्त आवेदनों पर क्या निराकरण हुआ उसकी जानकारी समय पर आवेदक को दी गई की नहीं, आदि बातों पर चर्चा की गई।पूर्व के लोक सुराज अभियान लक्ष्य समाधान शिविर में प्राप्त आवेदन जो शिकायत से संबंधित थे वार्ड क्रमांक 31, प्राप्त आवेदन 536, वार्ड 32 में 324, वार्ड 33 में 306 कुल 1166 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें ज्यादातर राशन कार्ड, मजदुर कार्ड, स्मार्ट कार्ड, आवास, सफाई, पुलिया निर्माण, सड़क निर्माण, पीने का पानी, नहर नाला सफाई एवं पड़ोसी द्वारा अवैध कब्जे किये जाने से संबंधित था।शिविर के दौरान मजदुर कार्ड 198, सायकल हेतु चेक 11 वितरण, आधार कार्ड 17 पंजीयन, प्रधानमंत्री कौशल प्रशिक्षण हेतु पंजीयन 32, राशन कार्ड वितरण 05, कुपोषित बच्चों को रेडी टु ईट आहार, गरीब 03 बच्चों का जन्म दिन मनाया गया, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन हेतु ट्रेनिंग के लिए प्राप्त आवेदन 05, सम्पत्तिकर, जलकर जमा 19 हजार 678 रुपये। शहर के लिए खुशी की बात है कि स्वच्छ भारत अभियान से जुड़कर अपने वार्ड नगर को स्वच्छता में नम्बर-1 लाने के लिए स्व-प्रेरणा से अपना नाम, मोबाईल नम्बर पंजीयन करवाये 33 लोग, सभापति पी. श्यामसुन्दर राव ने कहा कि यह अच्छा संकेत है बगैर सबके सहयोग से स्वच्छ भारत अभियान सफल नहीं हो सकता।कार्यक्रम के दौरान शिविर में वार्ड पार्षद श्रीमती ललिता शंकर चैांधरी, सुलेखा यादव, नंदकुमारी वर्मा, जोगेन्दर शर्मा, अधीक्षण अभियंता जी.एस. ताम्रकर, सत्येन्द्र सिंह, जोन आयुक्त संजय शर्मा, राजस्व अधिकारी एच.के. चन्द्राकर, जन सम्पर्क अधिकारी अशोक पहाड़िया, एवं निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।






## आयुक्त ने किया, राशन कार्ड का औचक निरीक्षण

भिलाईनगर/नागरिक शिकायत पर आज प्रातः 9 बजे निगम आयुक्त के.एल. चैांहान ने बैकुण्ठ नगर स्थित शासकीय उचित मुल्य की आकस्मिक जांच की। जांच में उक्त दुकान पर खाद्‌य सामग्री का स्टाक टैब में दर्ज मात्रा के सहीं पाया गया। आयुक्त चैांहान ने शिकायत कर्ता के मोबाईल नम्बर 9303120366 के आधार पर उक्त दुकान में पहुंचकर जांच की, शिकायत कर्ता द्‌वारा झुठी शिकायत करने पर आयुक्त चैहान ने मोबाईल नम्बर से शिकायत कर्ता के नाम की जानकारी लेकर उसके खिलाफ कार्यवाही करते हुए पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करायेंगे। आयुक्त के साथ गये राजस्व अधिकारी एच.के. चन्द्राकर, अधीक्षण अभियंता जी.एस. ताम्रकर, जोन आयुक्त टी.के. रणदिवे, दुकान की स्टाक पंजी की जांचकर राशन वितरण की मात्रा का मिलान किया गया, जिसमें खाद्‌य सामग्री स्टाक के अनुरुप पाई गई।जांच में निगम के जोन आयुक्त टी.के. रणदिवे, खाद्‌य निरीक्षक नवीन श्रीवास्तव, सहायक अभियंता वैशराम सिन्हा, सहायक राजस्व अधिकारी परमेश्वर चन्द्राकर ने दुकान से प्राप्त सभी आंकड़ो एवं दस्तावेज, टेबलेट का परीक्षण किया जा रहा है उपस्थित हितग्राहियों से बयान लेकर पंचनामा की कार्यवाही की गई। इन सभी कार्यवाही की पूर्ण होने पर झुठी शिकायत कर्ता के विरुद्ध थाना में एफ0आई0आर0 दर्ज कराया जायेगा। ताकि सभी दस्तावेज के साथ प्रकरण दर्ज हो।





**लापरवाही बरतने के कारण जोन-02 आयुक्त आर0के0 पद्मवारपर पर कार्यवाही किया गया**

भिलाईनगर/ आयुक्त के0एल0 चैांहान ने स्वच्छता मिशन के कार्य में लापरवाही करने के कारण जोन-02 आयुक्त आर0के0 पद्मवार को सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 1,2,3 (अपील पुनरीक्षण) के विपरित आचरण करने के कारण अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए विभागीय जांच संस्थित 'क्यों न कि जाये' के साथ आज कारण बताओ सूचना जारी की जिसमें स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ट्रेचिंग ग्राउण्ड में डम्प कचरे के निपटान के लिए फर्म ग्लोबल सालूशन एंड इंजीनियरिंग को दिनांक 17.10.2016 को कार्यादेश दिया गया है ठेकेदार द्वारा कार्यादेश के बाद कार्य प्रारम्भ करने की सूचना दिया गया और कार्य करने के बाद रनिंग बिल बनाने हेतु बार-बार जोन आयुक्त, जोन-02 कार्यालय में सम्पर्क किया एवं पत्र भी प्रस्तुत किया। किन्तु आपके द्वारा ठेकेदार द्वारा किये गये कार्य का पर्यवेक्षण एवं मापांकन नहीं कर रनिंग बिल तैयार नहीं किया गया। जिसके कारण से कार्य प्रभावित हुआ एवं माननीय नेशनल ग्रीन ट्रेब्यूनल दिल्ली तथा विशेष सचिव, छ00ग0 शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास द्वारा 30 जून तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश का पालन भी नहीं किया जा रहा है। आगामी मानसून 20 से 25 दिनों में आने की संम्भावना है। ऐसी स्थिति में कचरा डंम्पिंग स्थल में कचरे का निपदान 30 जून तक नहीं हो पाया तो मानसून आने के बाद कार्य करना कठिन हो जायेगा। इस कार्य के लिए शासन ने समय-सीमा निर्धारित किया है। ठेकेदार द्वारा समय पर कार्य प्रारम्भ करना लेख किया गया है और रनिंग बिल के लिए बार-बार सम्पर्क किया है किन्तु रनिंग बिल नहीं बना। अनन्तः आपके समक्ष में बिल के लिए सम्पर्क करने गया तो गाली गलौच करते हुए कक्ष से बाहर जाने को कहा। ऐसे गैर जिम्मेदाराना पूर्ण जवाब देना एवं कार्य का समयावधि में न कर टाल मटोल करना सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 1.2.3 (अपील पुनरीक्षण) के विपरित एवं शासकीय कार्यों के प्रति लापरवाही का द्योतक है। अतः इस प्रकार के कृत्य के लिए क्यों न सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 1.2.3 (अपील पुनरीक्षण) के विपरित आचरण करने के कारण आपके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए विभागीय जांच कार्यवाही संस्थित की जाये। पत्र प्राप्त होने के 24 घण्टे के अंदर अपना जवाब प्रस्तुत करें। समय-सीमा में समाधान कारक जवाब प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में एकपक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

## पेयजल संकट के सम्बन्ध में महापौर परिषद् की बैठक

भिलाईनगर/ महापौर परिषद ने सम्पूर्ण निगम क्षेत्र में पेयजल संकट से निपटने के लिए 140 हैण्ड पम्प की स्थापना के लिए वित्तीय वर्ष 2017-18 में नलकुप खनन किये जाने हेतु दो करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। प्रभारी महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में आहूत महापौर परिषद की बैठक में निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में 140 नग हस्त पम्प की स्थापना किये जाने हेतु राशि 1,39,33,920 रुपये का प्राक्कलन प्रचलित पी0डब्ल्यु9डी0 बिल्डिंग एस0ओ0आर0 के आधार पर तैयार किया गया जिसकी निविदा आमंत्रित करने की अनुमति 25 फरवरी 2017 को आयोजित महापौर परिषद की बैठक के प्रस्ताव 7 पर प्रदान किया गया था। जिसमें दो निविदाकारों ने भाग लिया। निविदा एवं क्रय समिति की बैठक में निविदा में न्युनतम दर 21.11 प्रतिशत कम पी0ए0सी0 पर न्युनतम दर दाता से कार्य कराये जाने एवं कार्य पर होने वाले व्यय की स्वीकृति की अनुमति महापौर परिषद से लिये जाने की अनुशंसा प्रदान की गई थी। न्युनतम करदाता मेसर्स के0के0 कंट्रक्शन कराये जाने एवं कार्य पर होने वाले व्यय राशि का बजट आबंटन तथा वित्तीय स्वीकृति प्रदान किये जाने एवं शासन के निर्देशानुसार अंतर की राशि एफ0बी0आर0 परफामेंन्स गारंटी के रुप में जमा कराकर संविदा निष्पादन व कार्यादेश जारी करने की अनुमति महापौर परिषद द्वारा प्रदान किया गया। बैठक में महापौर परिषद के सदस्य दीवाकर भारती, केशव बंछोर, नरेश कोठारी, दुर्गाप्रसाद साहू, साकेत चन्द्राकर, श्रीमती सुशीला देवांगन, सुश्री सोशन लोगन, आयुक्त के प्रतिनिधि अधीक्षण अभियंता आर0के0 साहू, सत्येन्द्र सिंह, स्वास्थ्य अधिकारी आई0एल0 यादव, सचिव जीवन वर्मा, उपस्थित रहें।



## शासकीय कर्मचारियो की विदाई समारोह

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में सेवानिवृत हुए श्री मुरारी शर्मा राजस्व निरीक्षक, मन्नू वर्मा पम्प सहायक, भगवती पेरीमाई सफाई कामगार, को सहायक आयुक्त अशोक द्विवेदी, प्रभारी राजस्व अधिकारी एच0के0 चन्द्राकर, शिक्षा अधिकारी मूर्ति शर्मा, सहित निगम के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों ने शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह प्रदान कर बिदाई दी। कार्यक्रम में जीवन वर्मा, श्रवण ठाकुर, धर्मेन्द्र मिश्रा, रामायण सिंह, शरद दुबे, संजय शर्मा, कृष्णा देशमुख, नलनीश मिश्रा, पुरषोत्तम अठभैया, प्रकाश अग्रवाल, बालकृष्ण नायडू, बसंत साहू, सुनील निमाड़े, संजय वर्मा, विनोद चन्द्राकर, देवव्रत देवांगन, तुलसी देवांगन, मंजू चंदेल, अजय शुक्ला सहित सैकड़ों की संख्या में अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।





**Editorial Board**

श्री कुमार लाल चौहान
आयुक्त (आई.ए.एस.)
नगर पालिक निगम
भिलाई

**Contact & Address**

श्री अशोक पहाड़िया
जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई